संख्या:376/(1)/XII/2016-96(06)/2015 TC-II

प्रेषक,

मनीषा पवांर
प्रमुख सचिव
पंचायतीराज,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी
उत्तराखण्ड।

संख्याः — /पं0–2/14 वि0आ0/2015–16 देहरादून : दिनांक 09 /02/2016

विषय– **डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम ग्राम बदलाव योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना हेतु जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों/कर्मियों का क्लस्टरवार प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

शासन के पत्र संख्या– 1513 (1) XII/2015–96 (06)/2015 दिनॉक– 03.09.2015, पत्र संख्या– 1625/XII(1)/14–96(06)/2015 दिनॉक 10.12 2015 एवं पत्र सं0– 2105/XII(1)/15–69(06)2015 दिनॉक 21. 12.2015 के सन्दर्भ अवगत कराना है कि राज्य में डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम ग्राम बदलाव योजना के अन्तर्गत अगामी वर्षो (2016–2020) हेतु वार्षिक कार्य योजना तैयार किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में कार्य योजना तैयार हेतु शासन स्तर से पृथक से विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए जा रहे है। योजना के अन्तर्गत समग्र गॉव पंचायत योजना को दृष्टिगत रखते हुए संदर्स योजना एवं वार्षिक कार्य योजना को तैयार किए जाने हेतु जनपद स्तर पर TOT एवं प्रत्येक विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के क्लस्टरवार प्रशिक्षण किए जाने है। जनपद स्तर पर 1240 अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण एवं क्लस्टर स्तर पर विभिन्न रेखीय विभागों के कर्मचारियों एवं प्रतिनिधियों सहित कुल 23801 लोगों का प्रशिक्षण किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों एवं प्रतिनिधियों का विवरण निम्न प्रकार है–

क0सं0	प्रशिक्षण का स्तर	सत्र/क्लस्टर में नामित हेने वाले प्रशिक्षणार्थी	अवधि, जिसके मध्यम उक्त प्रशिक्षण पूर्ण किया जाना है।
	जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (एक दिवसीय)	जिला स्तरीय रेखीय विभागों के अधिकारी, जिला अनुश्रवण समिति एवं ब्लॉक स्तरीय समन्वय समिति के सदस्य, म0गॉ0रा0ग्रा0रो0ग्रा0यो0 के अन्तर्गत कार्यरत परियोजना अधिकारी, अपपरियोजना अधिकारी, अवर अभियंता, लगभग 03 राजकीय अधिकारी प्रति विकास खण्ड, प्रत्येक विकास खण्ड हेतु लगभग 03 प्रतिनिधि गैर सरकारी संगठन के (निदेशालय द्वारा नामित किये जायेंगे)	दिनॉक 18 से 20 फरवरी, 2016 के मध्य जनपद मुख्यालय पर
	ग्राम पंचायत स्तरीय क्लस्टरवार प्रशिक्षण (तीन दिवसीय) (यह तकनीकी सहायता समूह कहलायेगा)	प्रधान,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, म0गॉ0रा0ग्रा0रो0गा0यो0 के रोजगार सहायक, बी0 पी0 टी0, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पटवारी, आशा कार्यकत्री, युवक–महिला मंगल दल के सदस्य, कृषक समूह, युवा समूह, महिला समूह, स्वय सहायता समूह आदि के सदस्य आदि	जनपद स्तरीय प्रशिक्षण के तत्काल बाद प्रारम्भ करते हुए दिनॉक 21 से 29 फरवरी, 2016 के मध्य क्लस्टर स्तर पर

जनपद स्तर पर इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

अतः अनुरोध है कि आप अपने स्तर पर डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम ग्राम बदलाव योजना के अन्तर्गत संदर्स योजना एवं वार्षिक कार्ययोजना के निर्माण के लिए आयोजित उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमो को सुचारू रूप से सम्पन्न करने हेतु गहन पर्यवेक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा साथ ही यह भी अनुरोध है कि इस योजना के अन्तर्गत जनपद में बेहतर वातावरण सृजन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

(मनीषा पवांर)
प्रमुख सचिव

संख्याः /उक्त दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नंकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. निदेशक, पंचायतीराज उत्तराखण्ड।
2. अधिशासी निदेशक, उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज संस्थान, उधम सिह नगर।
3. समस्त मुख्य विकास अधिकारी उत्तराखण्ड।
4. समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी उत्तराखण्ड।

(मनीषा पवांर)
प्रमुख सचिव